### सैनिक छावनी भूमि से कब्जा हटाने राजस्व विभाग के अधिकारियो को छूट रहा पसीना

# अतिक्रमण से आक्रोश: 7 दिन में कब्जा हटाने कार्यवाही नहीं हुई तो 16 को करेंगे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद





तहसील मुख्यालय स्लीमनाबाद स्थित पीएम हॉउस कक्ष के बाजू से भेड़ा रोड से लगी 6 एकड़ से अधिक भूमि जो सैनिक छावनी की थी उसमें एक समुदाय के द्वारा अवैध तरीके से कब्जा कर लिया गया। कब्जा को हटाने शिकायत के बाद स्लीमनाबाद तहसीलदार ने सीमांकन कराने पांच पटवारियों का दल गठित किया ओर 19 अगस्त को सीमांकन अवधि नियत की गईं थी लेकिन सीमांकन कार्य जीपीएस मशीन से कराने को लेकर तीन -चार दिन का समय तहसीलदार के द्वारा लें लिया गया। तीन-चार दिन की जगह 20 दिन का समय व्यतीत हो चुका है अब तक राजस्व विभाग के अधिकारियो को जीपीएस मशीन सीमांकन कार्य कराने उपलब्धता नहीं हो सकी है। पखवाडा भर से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद अब हिन्दू समुदाय मै आक्रोश देखा जा रहा है। कहा जा रहा है कि राजस्व विभाग के अधिकारी सीमांकन कार्य को लेकर टालमटोल कर रहे है, जैसे उनके ऊपर किसी का दवाब हो सिसे सीमांकन कार्य प्रभावित हो रहा है। सीमांकन कार्य को तीन चार दिन की समयावधि लेकर फिर 20 दिन का समय व्यतीत कर देना ओर मामले को ठंडे बस्ते मै डाल देने के बाद बुधवार को विहिप बजरंग दल ने अपना विरोध जताया। विहिप बजरंग दल ने तहसील कार्यालय पहुंचकर नायब तहसीलदार हर्ष रोमटेक को ज्ञापन सौंपा। 15 अक्टूबर तक अगर उक्त सैनिक छावनी भूमि से कब्जा नहीं हटाया गया तों 16 अक्टूबर को चक्काजाम किया जायेगा।

गौरतलब है कि स्लीमनाबाद हल्का के खसरा नंबर 53 जिसका रकबा 1एकड़ है जो हरदुआ हार मै आता है, इस पर आधा एकड़ भूमि मुक्तिधाम ओर आधा एकड़ भूमि कब्रिस्तान दर्ज है जो पहले से प्रस्तावित है लेकिन खसरा नंबर 54 जिसका रकबा 2.72 हैक्टेयर है जो कि लगभग 6 एकड़ से अधिक भूमि है!उक्त भूमि पूर्व पर रक्षा विभाग की छावनी थी!यहाँ ही आर्मी का कैंम्प लगता था!जहाँ पर मुस्लिम समुदाय के द्वारा अवैध रूप से तार फेसिंग कर कब्जा कर लिया गया है!स्लीमनाबाद मे नहीं बची सरकारी भूमि - स्लीमनाबाद हल्के मै पड़ी सरकारी भूमियों पर धीरे-धीरे अवैध रूप से कब्जा होते जा रहे है। कब्जा को हटाने राजस्व विभाग के अधिकारियो को शिकायत की जाती है लेकिन अधिकारी कब्जाधारियों पर बड़ी मेहरबानी दिखा रहे है। उक्त अवैध कब्जो को हटाने की जगह मात्र जुर्माना लगाकर खानापूर्ति कर ली जाती है। स्लीमनाबाद में सांदीपनि स्कूल (सीएम राइज स्कूल ) व साप्ताहिक हाट बाजार के लिए राजस्व विभाग भूमि की उपलब्धता नहीं करवा पा रहा। जो है उसे कब्जामुक्त नहीं कराया जा रहा है।

### इनका कहना है

इस संबंध में तहसीलदार स्लीमनाबाद सारिका रावत का कहना है कि अवैध कब्जा को लेकर मामला संज्ञान में है। मामला उच्च अधिकारियो के संज्ञान में भी है। जल्द ही जिला स्तर से एक टीम गठित की जा रही है ओर सीमांकन कर अतिक्रमण हटाया जायेगा।



## लाठी डंडों से हमला कर किया लहुलुहान, दो लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बरही थाना क्षेत्र में दो सगे भाइयों पर तीन लोगों ने हमला कर लहुलुहान कर दिया। मामूली हंसी-मजाक के बीच उपजा विवाद गांव में खूनी संघर्ष में बदल गया। ग्राम बनगवां में दो सगे भाइयों पर गांव के ही तीन लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे एक युवक का सिर फट गया और वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा।जानकारी के अनुसार, फरियादी हनुमान सिंह गोंड अपने भाई रमन सिंह के साथ खाना खाकर टहलते हुए स्कूल के रास्ते घर लौट रहा था। रास्ते में जब वे ग्राम पंचायत सदस्य रामसुजान काछी के घर के पास पहुँचे, तभी वहां मौजूद रामसुजान काछी, रामगोपाल काछी और अमृतलाल पटेल ने दोनों भाइयों को रोक लिया।रामगोपाल ने आरोप लगाया कि वे उसके घर की महिलाओं के बारे में गलत बातें कर रहे हैं। इस पर रमन सिंह ने कहा कि वे तो आपस में हंसी-मजाक कर रहे थे। इसी बात पर विवाद बढ़ा और तीनों आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जातिगत अपमान किया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया।हमले में रमन सिंह के सिर पर जोरदार वार किया गया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिस पर 112 डायल टीम ने घायल को बरही अस्पताल पहुँचाया।घटना की रिपोर्ट पर थाना बरही में गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

एसडीओपी वीरेंद्र धार्वे के निर्देशन में थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव की टीम ने 24 घंटे के भीतर रामसुजान काछी और अमृतलाल पटेल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।तीसरा आरोपी रामगोपाल काछी अब भी फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश जारी है।

### खबर संक्षेप



### दीवार में सुराख बना दुकान में किया हाथ साफ

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम इमलिया में बीती रात एक किराना दुकान में चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने दुकान की दीवार में सुराख कर भीतर प्रवेश किया और हजारों रुपए का किराना सामान चोरी कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरी की यह घटना आकाश चौधरी पिता मोहन चौधरी की दुकान पर हुई है, जो पुराना गांव इमलिया में सड़क किनारे सरकारी स्कूल के सामने स्थित है। सुबह जब दुकानदार दुकान पहुंचा तो दीवार टूटी हुई और पूरा सामान गायब मिला। यह देख वह सन्न रह गया। सूचना मिलते ही माधवनगर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।ग्रामीणों ने बताया कि इमलिया और आसपास के क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस अब तक इन वारदातों पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय गशत बढ़ाई जाए और चोरी की बढ़ती घटनाओं पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में व्याप्त भय और असुरक्षा का माहौल समाप्त हो सके।

### ढाबे में युवतियों ने किया जमकर हंगामा, पुलिस ने पकड़ा

**कटनी।** माधव नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मैगी प्वाइंट ढाबे में कुछ युवक-युवतियों ने जमकर तांडव मचा दिया। देर रात हुए इस हंगामे से पूरे क्षेत्र में खलबली मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ढाबे पर पहुंचे युवक-युवतियां ने पहले ढाबे के कर्मचारियों से विवाद शुरू किया, जिसके बाद स्थिति बेकाबू हो गई। सूचना मिलते ही माधव नगर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन युवक-युवतियों ने पुलिस से भी उलझना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि हंगामा इस हद तक बढ़ गया कि युवतियों ने पुलिस कर्मियों से धक्का-मुक्की की और यहां तक कि कपड़े उतार फेंकने की धमकी देकर माहौल और बिगाड़ दिया। बताया जा रहा है कि कुछ ने पुलिस के साथ हाथापाई करते हुए उनके कपड़े फाड़ने तक की कोशिश की। स्थिति को संभालने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। आखिरकार, पुलिस ने सभी युवक-युवतियों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया, जहां उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि घटना की जांच जारी है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### किन्नर के वेश में नदी में मिली युवक की लाश, जांच में जुटी पुलिस

**कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र की हिरवारा नदी में एक साइकिल स्टैंड संचालक का शव किन्नर की वेशभूषा में मिला। बुधवार को मृतक की पहचान सीधी जिले के मड़वास निवासी 43 वर्षीय अनिल कुमार पांडे के रूप में हुई। पुलिस ने शव को नदी से निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। एनकेजे थाना पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान उसके चाचा धर्मेंद्र पांडे ने की। उन्होंने बताया कि अनिल कुमार पांडे 6 अक्टूबर को सुबह शक्तिपुंज ट्रेन से कटनी के लिए घर का सामान लेने निकले थे। इसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल रहा था, और अब उनका शव हिरवारा नदी में मिला है। पुलिस के अनुसार हिरवारा नदी से किन्नर के वेश में एक साइकिल स्टैंड संचालक का शव बरामद किया गया है। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर शव को कब्जे में लिया, पंचनामा तैयार किया और पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने अज्ञात कारणों से हुई इस मृत्यु के संबंध में मर्ग कायम कर सभी पहलुओं से जांच शुरू कर दी है।

*एमजीएम हास्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन*

## माँ और शिशु स्वास्थ्य योजना के तहत की गई गर्भवती महिलाओं की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



एमजीएम हॉस्पिटल कटनी में आयोजित "माँ और शिशु स्वास्थ्य योजना" के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं के लिए आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।इस शिविर में 100 से अधिक गर्भवती महिलाओं ने निःशुल्क परामर्श एवं जांच का लाभ उठाया।शिविर के दौरान निःशुल्क सोनोग्राफी, पूर्ण हीमोग्राम, ब्लड शुगर, और ब्लड प्रेशर जांच की गईं।सभी जांचें एवं चिकित्सकीय परामर्श पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराए गए। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लाभार्थी गर्भवती महिलाओं को यह भी बताया गया कि एमजीएम हॉस्पिटल में सभी एएनसी (प्रसूति केस) से संबंधित जटिलताओं का उपचार, नॉर्मल एवं सर्जिकल डिलीवरी तथा ब्लड ट्रांसफ्यूजन सेवाएँ पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध हैं।एमजीएम हॉस्पिटल द्वारा यह भी घोषणा की गई कि अब हर बुधवार गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क ओपीडी परामर्श उपलब्ध रहेगा।साथ ही, प्रत्येक माह गर्भस्थ शिशु की ग्रोथ एवं सेहत की जाँच हेतु निःशुल्क सोनोग्राफी सुविधा भी प्रदान की जाएगी।इस शिविर का संचालन डॉ. अपर्णा पैगवार (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ) द्वारा किया गया।शिविर के आयोजन में डॉ. पंकज गुप्ता (निदेशक, एमजीएम हॉस्पिटल) एवं डॉ. दिनकर प्रकाश (मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, एमजीएम हॉस्पिटल, कटनी) का विशेष योगदान रहा।एमजीएम हॉस्पिटल द्वारा ऐसे निःशुल्क शिविरों का मुख्य उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और हर माँ को सुरक्षित प्रसव एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना है।

### राजस्व वसूली कार्य की समीक्षा कर गति लाने दिए निर्देश



नगर निगम के राजस्व वसूली के निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति को दृष्टिगत रखते हुए आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर बुधवार को उपायुक्त शैलेश गुप्ता द्वारा राजस्व अमले द्वारा किये जा रहे राजस्व वसूली कार्य की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की जाकर इस कार्य में संलग्न राजस्व अमले को वसूली कार्य में गति लाने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा एवं राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, सहायक राजस्व अधिकारी सागर नायक सहित राजस्व अमले के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में उपायुक्त श्री गुप्ता द्वारा वार्डवार संपत्तिकर एवं जलकर के वसूली कार्य की समीक्षा करते हुए राजस्व वसूली के संबंध में विस्तृत चर्चा की जाकर इस कार्य में संलग्न कर्मचारियों को साप्ताहिक वसूली लक्ष्य दिया जाकर लक्ष्य अनुरूप वसूली के साथ अपने-अपने वार्डों के लंबित करदाताओं से संपत्ति कर एवं जलकर की वसूली की कार्यवाही तेजी से करने के निर्देश दिए।

## एच.पी.एम केमिकल्स एवं फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में मेसर्स एच.पी.एम. केमिकल्स एवं फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के सभी कृषि उत्पादों के भंडारण और विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह कार्रवाई कंपनी के लाइसेंस के निलंबित होने के बाद की गई है।

अनुज्ञापन अधिकारी एवं उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास डॉ. आर.एन. पटेल ने जानकारी देते हुये बताया कि राजस्थान सरकार के कृषि आयुक्तालय द्वारा मैसर्स एच.पी.एम. केमिकल्स एवं फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (प्लॉट न. पी-1, नेताजी सुभाष पैलेस, पीथमपुरा नई दिल्ली) के विनिर्माण अनुज्ञप्ति क्रमांक एल-38, एल-120 एवं एल-210 को निलंबित कर दिया गया है। इसी आधार पर शासन के निर्देश के बाद जिले में कंपनी की समस्त व्यावसायिक गतिविधियाँ तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दी गई हैं।

### विक्रय पर होगी कार्यवाही

अनुज्ञापन अधिकारी एवं उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास डॉ. पटेल ने सभी कीटनाशी निरीक्षकों सख्त निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र के सभी कीटनाशी विक्रेताओं का तत्काल निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि एच.पी.एम. केमिकल्स एवं फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के उत्पादों का क्रय-विक्रय न हो। यदि निरीक्षण के दौरान किसी भी विक्रेता को इन उत्पादों का क्रय-विक्रय करते हुये पाया जाता है, तो उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

### जिले में अब तक 1162.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से बुधवार 8 अक्टूबर तक कुल 1162.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1481.2 मिलीमीटर वर्षा हुई है।

अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 1217.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 1481.2 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 1040 मिलीमीटर, बरही तहसील में 1045 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 991.9 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 1057 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 1356.8 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 1109 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

*एक युवक को आरोपी समझकर पकड़ने के बाद मामले ने पकड़ा तूल*

## अधिक्ताओं एवं पुलिस कर्मियों के बीच जमकर हुआ वाद विवाद, कोर्ट में जाकर हुआ पटाक्षेप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिला जेल के समीप एक युवक को अपराधी समझकर पकड़े जाने के बाद पुलिस और अधिवक्ताओं के बीच जमकर वाद विवाद हो गया। दरअसल पुलिस ने एक युवक को अपराधी समझकर पकड़ा लिया। इस बात की सूचना युवक द्वारा अपने परिचित अधिवक्ता को दी गई। जानकारी मिलने पर कुछ अधिवक्ता मौके पर पहुंचे। मामले को लेकर पुलिस कर्मियों एवं अधिवक्ताओं के बीच वाद विवाद गहराने लगा।

### रीवा से कटनी आया था युवक

मामले की जानकारी लगने पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। जेल गेट के समीप शुरू हुआ हंगामा जिला एवं सत्र न्यायालय तक जा पहुंचा जहां पुलिस कर्मियों एवं अधिवक्ताओं ने अपनी अपनी बात रखी। काफी जद्दोजहद के बाद आपसी समझौते के आधार पर मामला शांत हुआ। युवक सागर सिंह रीवा का रहने वाला है तथा कटनी किसी काम से आया था वह वकील के साथ बातचीत कर रहा था तभी पुलिस कर्मी पहुंचे एवं उसे अपराधी समझकर पकड़ने लगे। युवक का कहना था कि पुलिस कर्मी न तो उसका अपराध बता रहे थे न ही उसका नाम। इसी ऊहापोह में मामला गरमा गया।

### मिलती जुलती थी सूरत

इस संबंध में सीएसपी नेहा पचीसिया का कहना है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि चाकूबाजी में शामिल एक युवक है जिस पर कई गंभीर अपराध दर्ज हैं। लोकेशन मिलने पर पुलिस उसे पकड़ने के लिए पहुंची थी। अपराधी से मिलती जुलती सूरत होने की गलतफहमी में युवक को पकड़ा गया। अधिवक्ताओं का कहना था कि युवक का पुलिस वैरीफिकेशन करा लो। बातचीत का सिलसिला गहराने लगा और स्थित वाद विवाद तक पहुंच गई। जिसका पटाक्षेप न्यायाधीश के सामने दोनो पक्षों ने अपनी अपनी बात रखने के बाद किया।

### लघु वृंदावन धाम बाँधा मे भव्यता व उत्साह के साथ मनाया शरद महोत्सव

# महारास की हुई लीला, सजीव झाँकियों ने मन मोहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद





शरद पूर्णिमा महोत्सव मंगलवार को स्लीमनाबाद तहसील में आस्था व उल्लास के साथ मनाया गया।तहसील क्षेत्र के मंदिरों में सुबह से लेकर देर शाम तक धार्मिक आयोजन चलते रहे। स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी रसिक बिहारी जू मंदिर में अमृतमयी आनंद रस बरसा। शरद महोत्सव के अवसर पर श्री राधाकृष्ण जी का जीवंत महारास अवतरित हुआ।इस मौके पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। भगवान का पुष्पों और फलों से श्रंगार किया गया।दोपहर को मंदिर मे महिलाओ के द्वारा भजन संकीर्तन किया गया तो शाम को भगवान को छप्पन भोग का प्रसाद लगाकर वितरण किया गया।साथ ही खीर का प्रसाद वितरण किया गया!लघु वृंदावन धाम बांधा मे मना शरद महोत्सव -श्री राधाकृष्ण मंदिर लघु वृंदावन धाम बांधा में मंगलवार की रात स्नानदान पूर्णिमा पर शरद महोत्सव मनाया गया।

भगवान श्री राधाकृष्ण जी एवं गोप गोपीकाओं की सजीव झाकियों के अपूर्व महारास के दर्शन से उपस्थित जनसमूह भाव विभोर होकर मग्नावस्था में डूब गया । साक्षी एवं निशि के संयोजन मे बाल कलाकारों ने जैसे ही महारास की प्रस्तुति प्रदान की वैसे ही समूचे परिसर में ऐसा प्रतीत हुआ जैसे साक्षात श्री राधाकृष्ण अपनी गोपियों के साथ प्रत्यक्ष प्रकट होकर नृत्य कर रहे हैं। नन्हे- नन्हे बाल कलाकारों द्वारा नौ दुर्गा शक्ति स्वरूपा नृत्य के साथ स्थानीय बालिकाओं एवं देवियों के द्वारा भगवान के समक्ष गरबा नृत्य की भावपूर्ण सेवा दी गई। जिस कारण लघु वृंदावन धाम बांधा का वातावरण वृंदावन के निधि वन मे श्री राधा कृष्ण जी के महारास की भांति प्रतीत हुआ। सायं 7 बजे भगवान मुरलीमनोहर ,आदि शक्ति मां गायत्री ,भगवान भोलेनाथ, हनुमान जी एवम विघ्न विनाशक गणेश की भव्य नृत्य महाआरती हुई तथा खीर प्रसाद वितरित हुआ।



## अवैध परिवहन पर डंपर किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला प्रशासन, पुलिस एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मंगलवार देर रात खनिज परिवहन करने वाले वाहनों पर औचक जांच अभियान चलाया गया। रात्रिकालीन कार्रवाई के दौरान चाका बाईपास और कैलवारा रोड पर सघन जांच की गई। इस दौरान बिना वैध अभिवहन पास के खनिज मुरुम का परिवहन करते पाए जाने पर डंपर क्रमांक एमपी 21 एच 1512 को जप्त किया गया। वाहन को थाना कुठला की सुपुर्दगी में खड़ा कराया गया है।उप संचालक खनिज रत्नेश दीक्षित ने बताया कि अवैध परिवहन के मामले में प्रकरण पंजीबद्ध कर कलेक्टर न्यायालय में आगामी कार्रवाई हेतु भेजा जाएगा।कलेक्टर आशीष तिवारी के सख्त निर्देशों के चलते जिले में खनिज परिवहन की निगरानी के लिए इस तरह की संयुक्त जांच अभियान आगे भी जारी रहेंगे। कार्रवाई के दौरान सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा, उप निरीक्षक सौरभ सोनी तथा पुलिस बल मौजूद रहा।

**खबर संक्षेप**



## भीम आर्मी ने अनिल मिश्रा का पुतला फूंका

**कटनी।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले अधिवक्ता अनिल मिश्रा के विरोध में भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने बड़वारा में पुतला दहन कर प्रदर्शन किया। जिला उपाध्यक्ष जयचंद सूर्यवंशी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री एवं ग्वालियर खंडपीठ के नाम ज्ञापन सौंपकर देशद्रोह, एससी-एसटी व आईटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा।

## बर्सी मेला आयोजन स्थल पर साफ-सफाई

**कटनी।** माधव नगर में बाबा माधव शाह बर्सी मेला के दो दिवसीय आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर माधवनगर में आयोजित कार्यक्रम स्थल के आस-पास की विशेष साफ-सफाई, चूने की लाईनिंग एवं कीटनाशक दवा का छिड़काव हेतु रात्रिकालीन 10 कर्मचारियों की ड्यूटी अपने कार्य के साथ-साथ तत्काल प्रभाव से लगाई गई है। इस संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी द्वारा जारी आदेश के अनुसार उक्त कार्य हेतु प्रभारी वार्ड दरोगा विनय अर्खेल को प्रभारी एवं रवि छोटेलाल को सहयोगी के रूप में नियुक्त करते हुए 10 कर्मचारियों के दल का गठन का गठन किया गया है। इसके साथ ही हांका गैंग प्रभारी को हांका टीम में संलग्न कर्मचारियों को कार्यक्रम स्थल के आसपास तैनात करते हुए मार्गो से आवारा मवेशियों पर नियंत्रण की कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## एआरटीओ ने वसूला 10 हजार का समन शुल्क

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त आरटीओ संतोष पॉल ने जिले में ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट वाली बसों की आकस्मिक जांच की। जांच के दौरान एमपी 41 जेड एफ 9068 नंबर की बस को बारात परमिट पर सवारियों को ले जाते हुए पाया गया। इसके आधार पर परिवहन नियमों के उल्लंघन के आरोप में 10,000 का समन शुल्क लगाया गया। विभाग ने इस कार्रवाई को नियमों के पालन और यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम बताया। अधिकारियों ने कहा कि ऐसी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संबंधित बस मालिक और चालक को आगामी समय में अन्य नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## दिव्यांगों के लिए शासकीय भवनों में बनाए जाएं रैंप

**कटनी।** वरिष्ठ पार्षद मिथलेश जैन ने मुख्य सचिव म.प्र. शासन भोपाल को पत्र लिखकर मांग करते हुए कहा कि शासकीय भवनों में दिव्यांगों के आवागमन हेतु रैम्प बनाये जाने के निर्देश दिये जाएं एवं कलेक्टर कटनी को पत्र लिखकर कलेक्टर कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय, संयुक्त तहसील कार्यालय, नगर निगम में दिव्यांगों के आवागमन हेतु रैम्प बनाये जाने का उन्होंने निवेदन किया है। विदित हो कि Act 1995 में दिव्यांग व्यक्तियों को अन्य व्यक्तियों की भांति सुविधाए देने का प्रावधान किया गया है। म.प्र. शासन द्वारा भी समय-समय पर निर्देश दिये गये हैं कि शासकीय भवनों के निर्माण के समय दिव्यांग जनों के आवागमन की सुविधा हेतु रैम्प का निर्माण किया जावे। कटनी जिले में कलेक्ट्रेट भवन, नव निर्मित संयुक्त तहसीलदार कार्यालय भवन, नगर निगम एवं अन्य भवनों में दिव्यांग व्यक्तियों के सुगमता पूर्वक प्रवेश कर, आवागमन करने के लिए रैम्प का निर्माण नहीं किया गया है, जिसके कारण दिव्यांग व्यक्ति सीढ़ियाँ चढ़कर आवागमन नहीं कर पा रहे हैं और उन्हें तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके संबंध में मिथलेश जैन एडवोकेट के द्वारा मुख्य सचिव, म.प्र. शासन एवं कलेक्टर कटनी को पत्र लिखकर उपरोक्तानुसार मांग की है।

### ग्राम भगनवारा की महिलाओं एवं सरपंच ने थाना पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

# शराब की अवैध बिक्री से फूटा आक्रोश एसपी ऑफिस में प्रदर्शन की चेतावनी

जिले भर में लगातार अपराधिक गतिविधियां बढ़ रही है। शराब की अवैध बिक्री पर कार्यवाही करने की हिम्मत न तो पुलिस जुटा पा रही है न आबकारी अमला। शिकायतों को रद्दी की टोकरी में फेंका जा रहा है। लायसेंसी दुकानों से ठेकेदार अपने गुर्गों के माध्यम से गांव में भेजकर पैकारियां चला रहे हैं बावजूद इसके किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं होने से अब आक्रोश बढ़ता जा रहा है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

गांव गाँव में लगातार हो रही अवैध शराब विक्रय से ग्रामीणों का गुस्सा एक बार फिर फूट पड़ा है। बुधवार को स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत तिहारी के पोषित ग्राम भगनवारा से सैकड़ो महिलाये व पुरुष सरपंच के साथ स्लीमनाबाद थाने पहुंचें ओर अवैध शराब बंद कराने को लेकर थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौपा। सौपे गये ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि भगनवारा गाँव मै लगभग दो वर्षो से लगातार अवैध शराब का विक्रय किया जा रहा है।

स्लीमनाबाद शराब दुकान संचालक सुनील उर्फ़ मंचु असाटी द्वारा अपने गुर्गो के माध्यम से रोजाना गाँव मे अवैध शराब पंहुचाई जा रही है। गाँव मे फुटकर विक्रय करने वालो को मोटा कमीशन देकर खुलेआम शराब का विक्रय कराया जाता है। ग्राम भगनवारा मे दो अवैध शराब विक्रय करने के ठिकाने बनाये गए है जहाँ शासकीय आंगनबाडी भवन के सामने कुंवर लाल यादव द्वारा एवं माता सती मंदिर के पीछे मुख्य सड़क मार्ग पर गजराज सिंह ठाकुर द्वारा अवैध रूप से शराब की बिक्री की जाती है। गाँव के मुख्य चौराहे पर शराब बिक्री होने से रोजाना विवाद होते है। शराब का सेवन करने वाले शौकीन लोग रोजाना बड़ी संख्या मे आसपास गाँव से पहुंचते है, जो देर रात तक गाली गलौच किये जाने की आवाजे सुनाई देती है जिससे ग्रामीणों मे भारी आक्रोश ब्याप्त है।

सौपे गये ज्ञापन से सरपंच सुनील गुप्ता व ग्रामीणों ने थाना प्रभारी सुदेश कुमार सुमन से अवैध शराब विक्रय तत्काल बंद कराने ओर अवैध रूप से शराब एवं विक्रय कर्ताओ के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की माँग की है। सरपंच ने अल्टीमेटम भी दिया कि यदि भगनवारा ग्राम से अवैध शराब बिक्री को बंद नहीं किया जाता तो ग्रामीणों के साथ मिलकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सोपेंगे।

इस दौरान उपसरपंच उमा बाई,शंकर लाल पटेल, बाला प्रसाद पटेल, रिखी राम पटेल, संतोष पटेल, जितेंद्र विश्वकर्मा, घस्सू विश्वकर्मा,बाबूजी कुशवाहा सहित बड़ी संख्या मे महिलाएं मौजूद रही।



## रोजमर्रा में उपयोग होने वाली वस्तुओं में स्वदेशी उत्पादों को दें प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) जिला इकाई कटनी द्वारा व्यापारी सम्मेलन एवं स्वदेशी संकल्प अभियान का आयोजन में किया गया। कार्यक्रम में जिले भर के व्यापारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के रूप में कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता ने की, कार्यक्रम का संचालन गोविंददास असाटी (कार्यक्रम प्रभारी) द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि बीसी भरतिया ने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि "हमें अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में उपयोग होने वाली वस्तुओं में स्वदेशी और विदेशी कंपनियों की पहचान कर स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देनी चाहिए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने यह भी बताया कि जीएसटी सुधार (GST Reforms) में कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उनके प्रयासों से व्यापारियों की कई जमीनी समस्याओं का समाधान हुआ है।

अध्यक्षता कर रहे रमेश गुप्ता ने कहा कि कैट आज देश के 9 करोड़ व्यापारियों की आवाज बनकर कार्य कर रहा है, और सिर्फ व्यापार ही नहीं बल्कि व्यापारी परिवारों के हितों की रक्षा के लिए भी लगातार संघर्षरत है।

उन्होंने कहा कि "कैट के निरंतर संघर्ष का ही परिणाम है कि आज सरकारें व्यापारियों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार कर रही हैं।" अन्य अतिथियों ने अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन, जितेन्द्र चौधरी (संभागीय अध्यक्ष, जबलपुर संभाग), दीपक सेठी (संभाग प्रभारी) एवं शशांक श्रीवास्तव (CA) मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों को जैविक खेती का दिया गया प्रशिक्षण

## उपलब्ध संसाधनों से जैविक खाद बनाने एवं उपयोग करने की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

शिक्षा के साथ आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कृषि विषय का अध्ययन कर रहे जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा स्थित शासकीय आरके गौतम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरवारी के विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण प्राचार्य संघ रत्न भेलावे के मार्गदर्शन में जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया गया।

प्रशिक्षण में जैविक खेती की आवश्यकता एवं महत्व, भूमि एवं मानव स्वास्थ्य तथा पर्यावरण को हो रहे नुकसान की जानकारी दी गई। साथ ही 'कम लागत, तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग' के अंतर्गत ग्राम में



उपलब्ध संसाधनों गोबर, कचरा, फसल अवशेष, खरपतवार आदि से जैविक खाद एवं गोमूत्र तथा विभिन्न पत्तियों से कीटनाशक बनाकर फसलों में उपयोग करने के विषय में बताया गया। जिससे पैसों की बचत एवं बाजार पर निर्भरता कम होगी।

प्रशिक्षण के दौरान देसी गाय के गोबर एवं गोमूत्र का जैविक खेती में उपयोग की जानकारी दी गई। गोमूत्र से बीज उपचार, जैविक कीटनाशक, शीघ्र खाद बनाने एवं फसलों में उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही केंचुआ खाद बनाने की विधि, प्रति एकड़ केंचुआ खाद का उपयोग, पाये जाने वाले पोषक तत्व तथा केंचुआ खाद के उपयोग से भूमि की गुणवत्ता में सुधार एवं जल धारण क्षमता में वृद्धि के बारे में भी बताया गया।

### बढ़ जाता है उत्पादन

जैविक कृषि विशेषज्ञ ने विद्यार्थियों को बताया जैविक खेती से फसलों में कीट एवं रोग कम लगते हैं। फलों और सब्जियों एवं अनाजों का उत्पादन बढ़ जाता है। पौष्टिकता, स्वाद, रंग एवं आकार अच्छा हो जाता है। उन्होंने केंचुआ एवं केंचुआ खाद से वार्षिक आय की जानकारी भी दी। जिससे खेती लाभ का धंधा बन सके एवं खेती में लागत कम हो। व्यावसायिक शिक्षण महेंद्र दोहरे ने प्रशिक्षण संपन्न कराने में सहयोग किया।

### एनीमियां जांच के साथ ही छात्राओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग बड़वारा द्वारा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में कन्या छात्रावास की कक्षा 9 वीं से कक्षा 12 वीं की छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण स्थानीय शासकीय चिकित्सक डॉ जी. एस .तिवारी, एएनएम मनीषा रावत, लैब टेक्नीशियन सुख चैन सिंह, श्रवण यादव द्वारा किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम से परियोजना अधिकारी इंद्र कुमार साहू, क्षेत्रीय पर्यवेक्षक प्रियंका पाण्डेय, पर्यवेक्षक अर्पिता प्यासी, ज्योति बर्मन, परवीन बानो, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता काशी विश्वकर्मा, ज्योति निगम द्वारा उपस्थित सभी बालिकाओं को माहवारी प्रबंधन, किशोरी स्वास्थ्य एवं शारीरिक स्वच्छता, बालिका सुरक्षा, एनीमिया से बचाव हेतु पौष्टिक खानपान सभी बिंदुओं पर समझाइस दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य चंदन सिंह, शिक्षक जुगल किशोर चौरसिया, अनामिका सोनी, शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

## विद्यासागर महाराज के अवतरण दिवस पर कार्यक्रम, खीर वितरण एवं गरबा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

दिग.जैन समाज पंचायत के तत्वाधान में श्री 1008 पार्श्वनाथ दिग.जैन बड़े मंदिर में मुनिश्री 108 पदम सागर महाराज के पावन सानिध्य में संत शिरोमाणी आचार्य विद्यासागर महाराज के अवतरण दिवस पर मुनिश्री ने कहा आचार्य विद्यासागर महाराज का आज के दिन सदलगा की पवित्र भूमि में जन्म हुआ था। इसलिए इस दिवस को आवतरण दिवस के रूप में मनाते है। आप सभी को आचार्य श्री के बतलाये मार्ग पर चलकर अपना कल्याण करना चाहिए। 2500 वाँ भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव के अवसर पर निर्मित झण्डा बाजार स्थित महावीर कीर्ति स्तंभ में विराजमान श्रीजी की मूर्ति



का 16 वर्षो बाद 108 कलशों द्वारा श्रद्धालुओं द्वारा महामस्तकाभिषेक किया गया। जैन बोर्डिग हाउस के पास गुरूभक्त मण्डल द्वारा खीर का वितरण किया गया नगर के सभी जैन मंदिरों में प्रातः आचार्य श्रीजी का पूजन किया गया रात्रि में जैन मीडिल स्कूल परिसर में पंचायत महासभा एवं जैन मिलन, जैन समाज द्वारा गरबा का कार्यक्रम में पंचायत अध्यक्ष संजय जैन, उपाध्यक्ष पंचम जैन, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, मिथलेश जैन, सीमा जैन दीक्षा जैन, राजकुमारी जैन द्वारा दीप प्रज्जवलन किया गया कार्यक्रम के निर्णायक मण्डल में सौम्या रांधेलिया,श्रीमति अन्नू शशांक श्रीवास्तव निर्णायक

### पूर्व गर्भाधान एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक पर हुई कार्यशाला

## कार्यशाला में किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तनों पर दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

महिला एवं बाल विकास विभाग एकीकृत परियोजना बहोरीबंद अंतर्गत बाकल मे पूर्व गर्भाधान एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीकी पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। परियोजना अधिकारी सतीश पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम, 1994, भारत में कन्या भ्रूण हत्या और घटते लिंगानुपात को रोकने के लिए बना एक कानून है, जो प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण पर रोक लगाता है। इस अधिनियम में लिंग चयन करने या उसकी जानकारी देने वाले डॉक्टरों, प्रयोगशालाओं और आनुवंशिक क्लीनिकों पर तीन से पाँच साल



तक की कैद और 10,000 से 50,000 रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। लिंग निर्धारण करने वाले डॉक्टर या अन्य व्यक्तियों को तीन से पाँच साल की कैद और 10,000 रुपये से 50,000 रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। केंद्र और राज्य सरकारों को अधिनियम को लागू करने और निगरानी करने के लिए एक नियामक ढाँचा स्थापित करने का अधिकार दिया गया है, जिसमें पर्यवेक्षी बोर्ड और उचित प्राधिकारी शामिल हैं। लिंग चयन से संबंधित समस्याओं के बारे में लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए सरकारी और गैर-सरकारी स्तर पर अभियान चलाए जाते हैं। यदि आपको किसी क्लीनिक या डॉक्टर द्वारा लिंग निर्धारण की जानकारी देते हुए पाया जाता है, तो आप उचित प्राधिकारी के पास इसकी शिकायत कर सकते हैं। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ-पर्यवेक्षक सुनीता बेन ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान सरकार द्वारा वर्ष 2015 में शुरू किया गया था जिसका उद्देश्य लिंग आधरित चयन पर रोकथाम, बालिकाओं के अस्तित्व ओर सुरक्षा को सुनिश्चित करना तथा बालिकाओं के लिये शिक्षा की उचित व्यवस्था तथा उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के संबंध में जागरूकता का प्रसार करना है।

इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष सोनम चौधरी,भाजपा जिला महामंत्री राजेश चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि व आँगनबाडी कार्यकर्ता-सहायिका उपस्थित रही।

### शरद पूर्णिमा पर रंगारंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं सेवाएं देने वालों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शरद पूर्णिमा के अवसर पर असाटी समाज का रंगारंग कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं प्रथम पूज्य विघ्नहर्ता भगवान गणेशजी की पूजा अर्चना से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती शशि असाटी राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अखिल भारतीय असाटी महासभा, शैलेंद्र गुप्ता पूर्व महामंत्री अखिल भारतीय महासभा, शशिधर और साकेत असाटी समाज सेवी के साथ मुन्नी बाई असाटी सरपंच रही।

कार्यक्रम को रंगारंग बनाने में प्रमुख रूप से सुनील असाटी, लल्लूलाल असाटी, संतराम असाटी, योगेंद्र कुमार असाटी, राजकुमार असाटी, गीता असाटी, सुनीता असाटी सहित अन्य मातृ शक्तियों की रही। कार्यक्रम का प्रभावशाली और मंत्रमुग्ध कर देने



वाला संचालन राजेंद्र असाटी ने किया।कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेकर आयोजन को रसीला बनाया। बच्चों ने गीत,भाषण,नृत्य और ग्रुप डांस के द्वारा सभी का दिल जीत लिया। चिकित्सा के क्षेत्र में अपना योगदान और सेवाएं देने वाले डॉ राहुल एवं दीक्षा असाटी को असाटी समाज की ओर से सम्मानित किया गया।

शासकीय सेवा में रहकर असाटी समाज का गौरव बढ़ाने वाली सात मातृ शक्तियों मिताली, हिमांशी, राखी शोभा, रूपाली, रजनी, सुधा असाटी आदि का सम्मान योगेंद्र असाटी मीडिया प्रभारी अधिकारी जिला पंचायत कटनी द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप प्रदत्त मोमेंटो द्वारा किया गया। जिला एवं सत्र न्यायालय, महिला एवं बाल विकास , पुलिस, मध्यप्रदेश विद्युत मंडल, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों में ये मातृ शक्तियां घर परिवार के साथ-साथ शासकीय सेवाओं में उत्कृष्ट सेवाएं दे रही हैं। सभी मातृ शक्तियों ने समाज के लिए एक मिसाल प्रस्तुत करते हुए प्रेरित किया है।

आयोजित कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ बुजुर्गों सर्वश्री घनश्याम प्रसाद गुप्ता , सुदर्शन प्रसाद असाटी, मोहनलाल असाटी, रामगोपाल असाटी, प्रेम नारायण असाटी एवं अन्य को शाल,श्रीफल एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ जनों ने असाटी (वैश्य) विकास समिति कटनी पुष्पित और पल्लवित होने का आशीर्वाद दिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप श्रीमती मुन्नीबाई द्वारा प्रदत्त मोमेंटो से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सूरज, राकेश, लक्ष्मीकांत गुप्ता, संजू असाटी, कन्हैया लाल, नील कुमार, मनोज, रवि, राजा आदि की उपस्थिति रही।

## नुक्कड़ नाटक से नशे के बताए गए दुष्परिणाम

**कटनी।** शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में बुधवार को प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई की अध्यक्षता में 'मद्य निषेध सप्ताह' के समापन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. माधुरी गर्ग एवं डॉ. रूकमणि प्रताप सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आकाश तिवारी के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया और नशा न करने का समाज से अनुरोध किया। नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने बताया कि नशा न केवल घर-परिवार और समाज को नष्ट कर देता है बल्कि, धीरे-धीरे यह पूरे राष्ट्र को भी नष्ट करता है। इसलिए हम सभी को नशे से दूर रहना चाहिए। वहीं कार्यक्रम के दौरान आकांक्षा पांडे ने नशा उन्मूलन से संबंधित गीत प्रस्तुत किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. बाजपेई ने मद्य निषेध सप्ताह के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये कहा कि नशे से परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होती है।



## स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य पर मंगलवार को उमरियापान खंड में पथ संचलन का आयोजन किया गया। पथ संचलन के लिए गणवेशधारी स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण स्थानीय सरस्वती विधालय प्रांगण में हुआ। संघ की प्रार्थना पश्चात घोष की सुमधुर ध्वनि के साथ कतारबद्ध पथ संचलन निकला। इस दौरान जगह जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर संचलन का स्वागत किया। पथ संचलन में दो सैकड़ा से अधिक गणवेशधारी स्वयंसेवक शामिल हुए। नगर के बडीमाई, झंडाचौक, अथैया मोहल्ला, सोनी मोहल्ला, कटराबाजार, आजाद चौक, न्यू बस स्टैंड भ्रमण उपरांत संचलन का वापस विधालय प्रांगण में समापन हुआ। तदुपरांत बौद्धिक कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता ने सारगर्भित उद्बोधन देते हुए स्वयंसेवकों और समाज को संघ के शताब्दी वर्ष के पंच परिवर्तन के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम से परिचित कराया। उन्होंने छोटे-छोटे उदाहरणों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार प्रत्येक स्वयंसेवक और नागरिक इन पांच परिवर्तनों को अपने जीवन और समाज में उतारकर राष्ट्र उत्थान के महान कार्य में अपना योगदान दे सकता है। इस अवसर पर बडी संख्या में स्वयंसेवकों सहित नागरिकों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों बैठक 13 को

**दमोह** । प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी 01 नवम्बर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। इस संबंध में समारोह की तैयारियों को लेकर 13 अक्टूबर को टीएल बैठक के उपरांत जिला कार्यालय सभाकक्ष में बैठक आयोजित की जाएगी।

### रामपुर खजरी निवासी आदिवासी व्यक्ति ने लगाई फांसी, कारण अज्ञात



**शाहनगर।** क्षेत्र के जुगरवारा गांव के दर्रहा हार में रामपुर खजुरी निवासी संतोष आदिवासी उर्फ बाबा (उम्र लगभग 55 वर्ष), पिता पुंदीलाल आदिवासी का शव आज बुधवार सुबह करीब 8 बजे एक पलास के पेड़ से लटका हुआ मिला। ग्रामीणों की सूचना पर शाहनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाया। मौके से किसी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है। फिलहाल पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है।

### तेजगढ़ के पतलौनी ग्राम में अनूठी परंपरा

# पूर्णिमा को चल समरोह के साथ माता के नौ रूपों वाली प्रतिमाओं का विसर्जन





हरिभूमि न्यूज ⏭ तेजगढ

तेजगढ़ से लगभग एक किलोमीटर दूर ग्राम पतलोनी मे माँ शारदा माता का प्राचीन मँदिर क्षेत्रवासियों की आस्था का अनूठा केंद्र है। यहाँ पर श्री शारदा माता के दरबार में दूर दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी मनोकामना लेकर आते है। जिन व्यक्तियों की मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है। वह पूर्णिमा को माता के दरबार मे घट खप्पर जवारे चढ़ाकर भंडारा कर प्रसाद चढ़ाते है।

वहीं दूसरी ओर गांव के मां चंडी टोरिया के प्रांगण में नो देवी जी की प्रतिमा को अलग-अलग विराजमान कर 9 दिन सामूहिक रूप से 36 व्यक्तियों ने भक्ति भाव से पूजा अर्चना की। यहां परंपरा है कि पूर्णिमा को देवी मां की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता है। ग्राम के पंडित राधे श्याम दुबे, राजू दुबे, पंडित राजेंद्र दुबे, अरुण दुबे, जितेंद्र दुबे, चिल्लू दुबे, बीरेंन्द्र दुबे, निशांत दुबे ने देवी मां के मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना की। शाम को देवी मां की महाआरती कर क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से रात्रि जागरण किया। शरद पूर्णिमा को माता जी को व्यक्तियों ने अलग अलग ट्रैक्टरों ट्रालियों पर झाकियो को सजाकर माता जी को विराजमान कर ग्राम की मुख्य मार्ग से ढोल नगाड़ा ओर डी जे की गूंज के साथ चल समारोह निकाला गया। मां शारदा मंदिर से होकर पुनः चंडी टोरिया पर लाया गया जहां पर अखाड़े के बालको ने शेर नाच दिखाया और लाठी चक्र घूमाकर जन समूह को आनंदित कर दिया।

#### राज्यमंत्री भी पहुंचे

रात्रि मैं लगभग 12 बजे मध्य प्रदेश शासन के मंत्री धर्मेंद्र सिह लोधी ग्राम पतलोनी पहुंचे जहाँ मां देवी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मंच से मंत्री जी ने अपने उद्बोधन में उपस्थित जनसमूह को विजय दशमी की सभी को शुभकामनाएं देकर कहा कि लाड़ली बहनो को हमारी सरकार द्वारा 1500 रूपया दीपावली की भाई दोज पर दिया जाएगा। और इसको बड़ा कर 2028 में 3000 देगे। ग्राम की नाटक कंपनी को 25 हजार ओर अखाड़े के बालकों को ड्रेस खरीदने के लिए 25 हजार दे दिये गए। माता जी के प्रागण में टीन सेट लगाया जाएगा जिसकी राशि स्वीकृत की गई है। नाटक कंपनी द्वारा पूरी रात कार्यक्रम किया गया । सुबह माँ नौ देवियो को विधी विधान से विसर्जन किया गया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संग्राम सिह, अध्यक्ष हीरा सिंह, थाना प्रभारी अरविंद सिह लोधी, ठाकुर देवेंद्र सिंह ठाकुर, बेडी सिंह, जगननाथ सिह ,अनिल विश्वकर्मा, राजु दुबे, अरुण दुवे, अमोल सिंह, राजू सिंह और बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व आमजन मौजूद रहे।

# कलश यात्रा से हुआ कथा का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिग्ामपुर

सिग्रामपुर में पुरानी बखरी मे पटेल परिवार द्वारा 8 अक्टूबर से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ दोपहर में मंगल कलशयात्रा एवं विशाल शोभायात्रा के साथ किया गया। यह कलश यात्रा कथा स्थल पड़ाव मैदान से आरंभ होकर शेर माता मंदिर ग्राम भ्रमण करते हुए पूजन पाठ देव आवाहन के साथ पुनः कथा स्थल में सम्पन्न हुई। इस कलश यात्रा में कन्याएं महिलाएं पीले वस्त्र धारण किये सिर पर कलश उठाये कतारबद्ध और अनुसाशित होकर चल रहे थे और मन में समस्त जीव-प्राणियों के मंगल कामना करते हुए आगे बढ़ रहे थे। इस कलशयात्रा के साथ साथ विशाल शोभायात्रा का भी आयोजन किया गया। शोभायात्रा में बैण्ड एवं धर्मध्वजा लिए संतों के सानिध्य में सैकड़ों की संख्या में यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के उत्साहपूर्ण जयकारों एवं सुमधुर व कर्णप्रिय भजनों से पूरा ग्राम गुंजायमान हो गया। श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन कथा प्रवक्ता आशीष मिश्रा कृष्ण चरणानुरागी ने बताया कि जन्म-जन्मांतर एवं युग-युगांतर में जब पुण्य का उदय होता है, तब ऐसा अनुष्ठान होता है। श्रीमद्भागवत कथा एक अमर कथा है। इसे सुनने से पापी भी पाप मुक्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि वेदों का सार युगों-युगों से मानवजाति तक पहुंचाता रहा है। शोभायात्रा मैं शामिल हुए समस्त ग्राम वासियों आयोजन समिति के द्वारा स्वागत वंदन किया गया। आयोजक समिति स्वर्गीय बाला प्रसाद की पुण्यतिथि में की जा रही है। पुत्र सुनील कुमार पटेल प्रहलाद पटेल ने सभी से अनुरोध किया गया है श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह मैं धर्म प्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# मंडी में खाद वितरण में गोदाम प्रभारी की मनमानी चर्चाओं में

**पथरिया।** शासन द्वारा किसानों को खाद वितरण में इस बार अभी तक किल्लत खत्म नही हुई नतीजा खाद के लिए किसान चक्कर काट रहे हैं वहीं वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता रहें तो कोई किसानों को दिक्कत नहीं लेकिन आंखों से देखने के बाद भी किसान कैसे चुप रहें यह चर्चा का विषय बना हुआ है प्रशासन द्वारा जो व्यवस्था दी जा रही है उसमें टोकन नंबर से वितरण होगा पर यहां तो टोकन वितरण में तक हेरफर की जा रही हैं वही कुछ किसानों को 2-2 बोरी तो किसी को जितनी जरूरत उतनी दी जा रही है मोबाइल पर बात हो जाए तो सब व्यवस्था मनमर्जी की चल जायेगी कहने के लिए खाद वितरण में नोडल अधिकारी व अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है पर गोदाम प्रभारी जब स्वयं अपनी मर्जी चलाए तो कोई क्या करें यह चर्चा का विषय बना हुआ है अकेले आधार कार्ड फिंगर लगाओं, ऐसे में किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोबाइल पर बात हो जाए तो खाद कितनी भी बोरी की जरूरत हो मिल रहा जो सीधे साधे किसान है उनको सब नियम लागू है वाकी सब मनमर्जी है।

# तेंदूखेड़ा में मनाई गई अजमीढ देव जयंती





हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

तेंदूखेड़ा में स्वर्णकार समाज के आराध्य देव महाराजा अजमीढ़ जी की जयंती प्रथम वर्ष बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। श्री श्री 1008 अजमेढ देव की पावन जयंती पर सर्व स्वर्णकार समाज द्वारा सामूहिक कार्यक्रम तेंदूखेड़ा में प्रथम वर्ष आयोजित किया गया। जहां अतिथियों द्वारा आराध्य देव का दीप प्रज्वलित कर पूजन किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम आयोजकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम मैं अपने विचार व्यक्त करते हुए वरिष्ठ पत्रकार मुन्नालाल सोनी ने कहा कि अब समय आ गया है समाज में एकरूपता छोटे बड़े का भेदभाव भूल कर एक मंच पर आने का जब तक हम अपना संगठन मजबूत नहीं करेंगे हम सदैव पीछे रहेंगे समय के साथ चलना यह समय की मांग है। हम देखते हैं कि राजनीति में हमारे समाज का कहीं भी प्रतिनिधित्व नहीं है। जबकि हमारे समाज किसी से भी पीछे नहीं है। परंतु कमी है हमारी सोच की। समाज को आगे बढ़ाने में सोच बदलने के साथ नकारात्मक को त्यागते हुए सकारात्मक की ओर बढ़ना। इसके साथ आराध्य देव पर प्रकाश डालते हुए उनकी जीवनी के संबंध में बताया की महाराज अजमेढ चंद्रवंश राजा महाराजा अजमेढ धार्मिक कर्म मैं विश्वास रखते थे। उन्होंने सोने चांदी के आभूषण बनाने का बहुत शौक था। उन्होंने अजमेर नगर की नीव भी डाली थी वंश का विकास उनके उसे शक और कल के ज्ञान को उनके पुत्रों ने आगे बढ़ाया जिससे यह व्यवसाय के रूप में विकसित हुआ मेढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज का वंश महाराजा अजमीढ़ से ही चला आगे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला शक्ति के रूप में सर्वे स्वर्णकार उत्थान समिति की अध्यक्ष श्रीमती मंजू सोनी कहां की आज समाज में बच्चा बच्चियों की कमी नहीं है। कमी है हमारी मानसिकता की।डॉक्टर कालूराम सोनी बहुत ही ओजस्वी शब्दों में कहा कि जब तक हम अपनी मानसिकता नहीं बदलेंगे। लड़का लड़कियों की शादी नहीं कर सकते हैं, उम्र बढ़ती जाएगी। माता-पिता देखते रह जाएंगे। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में महिला शक्तियों के रूप में श्रीमती उषा सोनी, श्रीमती शोभा सोनी, श्रीमती रूप सोनी के साथ मातृ शक्तियों ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में काशीराम सोनी, आनंद सोनी, मुकेश सोनी, सत्यनारायण सोनी, एडवोकेट बी एस सोनी, सोमनाथ सोनी, हरि नारायण सोनी, भूपेंद्र सोनी, समाज के सभी नवयुवक एवं वरिष्ठ जनों द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी जवाबदारी समझते ऐतिहासिक सफलता दिलाई। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा बाहर से आए अतिथियों एवं बुजुर्ग जनों का सलवा श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम में संस्कृत कार्यक्रमों का भी बच्चों के द्वारा प्रस्तुतीकरण दी गई।

#### सुनवराह है में हुआ आयोजन



ग्राम सुनवराह मैं भी अजमेढ जयंती मनाई गई। सिंगपुर सुनबाराहमें महाराज अजमेढ देवकी जयंती 15 वर्ष में प्रवेश कर गई। प्रति वर्ष ग्राम के लोगों द्वारा जयंती मनाई जाती है जिसमें विशेष सहयोग संतोष सोनी, धना सोनी, भूरा सोनी, महेंद्र सोनी, जितेंद्र सोनी, साथ ही महिला मंडल का विशेष सहयोग रहता है।

# दर्जनों गांवों में धड़ल्ले से बेची जा रही अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैसाबाद

ग्राम गैसाबाद एवं ग्राम हिनौता कला की शासकीय शराब दुकान का ठेका छतरपुर की गिरराज इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी द्वारा लिया गया है, शराब ठेकेदार इन्हीं दो दुकानों की आड़ में ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम खमरगौर, मुहरई, सुजानतलैया, तैवरैया, भैंसा, सराफचोपरा, दादपुर, नकटी, कचनारी, जैसे अनेक गांवों में अपने एजेंट बिठाकर एजेंटों की बाकायदा डायरी बनाकर अवैध रूप से शराब की बिक्री कराई जा रही है। एक ओर जहां अनेक पंचायतों में कई गांव में भगवती मानव कल्याण समिति के सदस्यों द्वारा सक्रियता से अवैध शराब पकड़ाए जाने की मुहिम चलाई जा रही है। वहीं दूसरी ओर आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग की उदासीनता के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री खुलेआम की जा रही है। गांव गांव गली गली में बिक रही अवैध शराब पर अंकुश नहीं लगाया जाना, पुलिस प्रशासन के मुखिया पुलिस अधीक्षक द्वारा विगत माह नशाखोरी के खिलाफ चलाए गए अभियान को भी, विभाग के ही कुछ अधिकारियों द्वारा गंभीरता से नहीं लिया जाना, शराब माफियाओं के हौंसले में इजाफा होते हुए दिख रहा है। ग्रामीण जनों ने हरिभूमि को बताया कि अब तो हमारे क्षेत्र में शराब घर बैठे मोबाइल पर फोन करके अपने घर की लोकेशन बता कर जहां पर हम बैठे होते हैं शराब वहीं पर उपलब्ध हो जाती है। शराब एजेंट घर-घर शराब पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं, लोगों ने यह भी बताया कि शराब दुकानों पर रेट लिस्ट नहीं लगाई गई है। शराब ठेकेदार अपनी मनमर्जी से शराब के दाम तय कर रहे हैं कहीं-कहीं पर तो प्रिंट रेट से अधिक रेट में शराब बेचे जाने की शिकायतें भी आ रही हैं, यहां पर सबसे विचारणीय पहलू यह है कि अवैध शराब बिक्री के विषय पर हर दूसरे तीसरे दिन अखबारों में समाचार प्रकाशित होते हैं लोगों द्वारा शिकायतें भी की जाती हैं। इसके बावजूद भी शराब माफिया के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं होना कई सवाल खड़े कर रहा है। अवैध शराब बिक्री की जहां क्षेत्र में जोर शोर से चौपालों पर पान के टपरो पर चर्चा होती है, अवैध शराब बिक्री की आमजन को भी खबर है, तो क्या? इसकी खबर पुलिस प्रशासन को नहीं होगी, ऐसा तो मुमकिन नहीं है? शराब से हजारों घर परिवार बर्बाद हो गए, बढ़ती अवैध शराब की बिक्री से हो रहे घटनाक्रमों को देखते हुए एवं आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए विगत माह माननीय न्यायालय ने भी इस पर संज्ञान लेते हुए अवैध शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाए जाने हेतु दिशा निर्देश दिए थे। अवैध शराब बिक्री से जहां एक और लड़ाई झगड़ा एवं अमन शांति भंग होती है। वहीं दूसरी ओर शराबियों के घर परिवार को आर्थिक तंगी से भी गुजरना पड़ रहा है, क्षेत्रवासियों ने स्थानीय पुलिस एवं आबकारी विभाग से गांव गांव में बिक रही अवैध शराब पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है।

## वन्य जीव सप्ताह के तहत हुआ आयोजन

**दमोह।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर 2025 तक वन्य जीव सप्ताह का आयोजन संस्था के प्रमुख डॉ जी पी चौधरी के संरक्षण में व प्राणी शास्त्र विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ प्रणव मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ जिसमें संस्था के प्रशासनिक अधिकारी डा एन पी नायक ,वरिष्ठ प्राध्यापक डा रेखा जैन, डॉ अरुणा एम जैन प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक डॉ आर पी अहिरवार , डॉ राधा ताम्रकार, डॉ आराधना श्रीवास , एवं समस्त शैक्षणिक और अशैक्षणिक स्टाफ की उपस्थिति के साथ-साथ भारी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही। इस साप्ताहिक कार्यक्रम में प्रति दिवस विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे - स्लोगन , भाषण, क्विज, निबंध,पोस्टर, एवं कविता लेखन व वाचन का आयोजन किया गया और आज समापन कार्यक्रम में समस्त प्रतिभागियों के विजेता को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार वितरित किए गए।



# साइकिल रैली निकाली गई



**दमोह।** मद्य निषेध सप्ताह के तहत आयोजित नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के अंतर्गत सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग दमोह द्वारा एक साइकिल रैली निकाली गई। रैली को भाजपा जिलाध्यक्ष श्री श्याम शिवहरे द्वारा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह साइकिल रैली शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह से प्रारंभ होकर कॉर्पोरेटिव बैंक चौराहा, बस स्टेण्ड, घंटाघर होते हुए मानस भवन पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, सामाजिक संस्थाओं एवं विद्यालय के विद्यार्थियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

# मेडीकल स्टोर्स का किया निरीक्षण



**दमोह।** छिंदवाड़ा जिले में श्रीशन कंपनी के कफ सिरप से बच्चों की मृत्यु हुई हैं, घटना के बाद कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा निवारक कदम उठाते हुए मेडिकल स्टोर्स निरीक्षण के संबंध में समस्त एसडीएम को निर्देशित किया गया एवं टीम गठित की गई। गठित टीम में एसडीएम आरएल बागरी के मार्गदर्शन में आज नायब तहसीलदार पारूल चौधरी, औषधि निरीक्षक महिमा जैन, डॉ गौरव जैन, जिला क्षय अधिकारी जिला अस्पताल दमोह, आरआई ब्रजेश पटेल, पटवारी अभिनंदन जैन द्वारा सिविल वार्ड स्थित पसारी मेडिकल स्टोर्स, तीन गुल्ली स्थित बचपन मेडीकोज, कोमल मेडिकोज राय चौराहा, कचौरा में विनय मेडिकल एजेंसी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 04 मेडिकल स्टोर्स की जांच की गई एवं 03 सिरप के नमूने लेकर जांच हेतु शासकीय प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया। श्रीशन कंपनी के दवाइयों की उपलब्धता को स्टॉक रजिस्टर से भौतिक सत्यापन कर सिरप एवं टैबलेट को आइसोलेट किया जाकर मेडिकल स्टोर के मालिक के सुपुर्द कर फ्रीज किया गया। इस कंपनी की दवाइयों का विक्रय आगामी आदेश तक नहीं किया जाएगा।

# नि:शुल्क दिव्यांग स्वास्थ्य परीक्षण आकलन एवं परामर्श शिविर का आयोजन

**दमोह।** 8 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय न्यास सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा पंजीकृत निशक्त व्यक्ति अभिभावक संघ जबलपुर मध्य प्रदेश द्वारा संचालित प्रेरणा विशेष शिक्षा संस्थान एवं पुनर्वास केंद्र, सिविल वार्ड न० 2 वैष्णो मंदिर के पास, सब्जी बाज़ार के सामने, जगदीश टाकिज रोड़ दमोह मध्य प्रदेश में निःशुल्क दिव्यांग स्वास्थ्य परीक्षण आकलन एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से अभय कुमार दुबे संस्था अध्यक्ष एवं श्रीमती श्रद्धा तिवारी साइकोलॉजिस्ट, डॉक्टर उमेश शरण गौतम फिजियोथैरेपिस्ट, श्रीमती अनीता दुबे संचालिका विशेष शिक्षिका, नरेंद्र प्रताप सिंह प्राचार्य एवं विशेष शिक्षक इत्यादि के द्वारा दिव्यांग जनों के संपूर्ण विकास हेतु 55 दिव्यांग का आकलन एवं परामर्श किया गया। विशेषज्ञयो, संस्था कर्मचारियों आकांक्षा रैकवार मानसी रैकवार बलराम शर्मा एवं उषा नामदेव सहयोगियों के साथ अभिभावकों के सहयोग से सफल शिविर का आयोजन सम्पन्न हुआ

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया शस्त्र पूजन

### मुख्य वक्ता दीपेश उपाध्याय ने दिया बौद्धिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा देव श्री जागेश्वर नाथ महादेव बांदकपुर की ससुराल रोहनिया धाम में हिंडोरिया खंड के हलगज मंडल अंतर्गत विजयदशमी उत्सव एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन संघ के परंपरागत शौर्य, अनुशासन और संगठन भावना का प्रतीक रहा।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जिला से दीपेश उपाध्याय उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने बौद्धिक संबोधन में संघ के कार्य, राष्ट्र निर्माण में संगठन की भूमिका और विजयदशमी के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि



"विजयदशमी केवल पर्व नहीं, बल्कि यह संगठन और साधना का उत्सव है — जो हमें सत्य, धर्म और राष्ट्रभक्ति के मार्ग पर दृढ़ बनाए रखता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री हाकम सिंह, पप्पू सिंह, मुकेश सिंह और हेमेंद्र असाटी 'राजन' उपस्थित रहे। हलगज मंडल के अंतर्गत आने वाले हलगज, हलगजिया, हिनौता, मुड़ारी, रियाना, जुझार, मैली, रंजरा और सलैया गांवों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान शस्त्र पूजन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत संपन्न हुआ। इसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा ध्वज वंदना एवं भगवा ध्वज प्रणाम किया गया। कार्यक्रम स्थल पर संघ गीत की सामूहिक प्रस्तुति ने वातावरण को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया।

इस अवसर पर खंड कार्यवाहक कल्याण सिंह, उपखंड कार्यवाहक घनश्याम सेन, मंडल पालक रीकेश चौबे एवं मंडल कार्यवाहक मानवेन्द्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत हलगज मंडल के स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन संघ के स्वयंसेवक मानवेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। अंत में राष्ट्रगान के साथ सभी स्वयंसेवकों ने राष्ट्र सेवा, एकता और समाज कल्याण के संकल्प को दोहराया।विजयदशमी का यह आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शौर्य परंपरा, अनुशासन और संगठन शक्ति का जीवंत उदाहरण रहा — जिसने राष्ट्रप्रेम और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

## खबर संक्षेप

### जिला बैठक कलचुरी महासभा 11 अक्टूबर को

**दमोह।** कलचुरी महासभा के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष संजय राय के नेतृत्व में प्रथम जिलास्तरीय बैठक का आयोजन शनिवार 11 अक्टूबर 2025 दोपहर 12 बजे दमयंती पैलेस 3 स्टार जबलपुर नाका बाईपास दमोह में आयोजित की गई है। जिसमे 28 अक्टूबर 2025 को होने जा रही भगवान सहस्त्रबाहु जी की जयंती की रूपरेखा तय करके सभी पदाधिकारियों को दायित्व प्रदान किये जायेंगे।

### कलेक्टर के निर्देश के डेढ़ महीने बीत गए फिर भी जिपं सीईओं ने सचिव पर नहीं की कार्यवाही

**पथरिया।** जिला कलेक्टर द्वारा विगत माह 23 अगस्त को मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत कामाख्याय देवी तीर्थ यात्रा में अनियमितओ के आरोप में कलेक्टर ने जिले के 4 कर्मचारियों को निलंबित कर दिया वही जनपद पंचायत पथरिया में पदस्थ सचिव दशरथ प्रसाद पटेल को कलेक्टर द्वारा जिला पंचायत सीईओ को निर्देशित किया है कि सचिव जनपद पंचायत पथरिया दशरथ प्रसाद पटेल को नियमानुसार तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुये कृत कार्यवाही से कलेक्टर कार्यालय को अवगत कराया जाए लेकिन करीब डेढ़ महीने बीत जाने के बाद भी सचिव पर कोई कार्यवाही प्रस्तुत नही की गई जो चर्चा का विषय है कि आखिर जिला कलेक्टर के निर्देश के बाद भी जिला पंचायत सीईओं द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नही की गई आखिर क्या कारण है जिससे अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई।

थाना प्रभारी विकास चौहान ने चार हजार लीटर डीजल सहित एक आरोपी को पकड़ा

## पेट्रोल पंप से फिल्मी स्टाईल में डीजल की चोरी की घटना

### दो अन्य आरोपी फरार, पुलिस कर रही तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जबेरा थाना अंतर्गत अलग-अलग तरीकों से चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। ताजा मामला मंगलवार बुधवार की दरमियानी रात्रि का है जहां पर अज्ञात चोरों द्वारा समृद्धि पेट्रोल पंप पुरनावा में बीती रात्रि फिल्मी तरीके से डीजल की चोरी की घटना को अंजाम दिया।चोरों द्वारा पानी भरने वाला टुल्लू पंप लगाकर में डीजल की टंकी में पाइप डालकर डीजल चोरी की घटना अंजाम दिया। पंप का कर्मचारी जब जागा तो उसने देखा कि हथियार लिए हुए आरोपी चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं।कर्मचारी को देख मशीन सहित सामग्री छोड़ते हुए तत्काल ट्रक लेकर वहां से भाग निकले। घटना की जानकारी कर्मचारियों द्वारा पेट्रोल पंप मैनेजर को दी गई मैनेजर ने सारी घटना पंप संचालक अनीश चौरसिया को दी। मैनेजर द्वारा घटना की जानकारी थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान को दी गई बिना देर किए तत्काल थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान, सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी गणेश दुबे ने स्टाफ सहित ट्रक की तलाश शुरू कर दी। मैनेजर द्वारा ट्रक का लगातार पीछा किया जा रहा था। थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान व एएसआई अशोक सिंह सहित स्टाफ द्वारा लगातार पीछे करते करते मजगवा जिला जबलपुर के पास नेशनल हाईवे पर ट्रक पकड़ने में सफलता प्राप्त की। ट्रक से करीब 4000 लीटर डीजल बरामद करते हुए एक आरोपी राहुल विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया जो कि आगर निवासी बताया जा रहा है। वही दो अन्य आरोपी तौसीफ खान व कमल गुर्जर जो कि शाजापुर निवासी बताए जा रहे हैं फरार चल रहे हैं जिनकी तलाश थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान द्वारा लगातार जारी है।

## बारिश से हुए नुकसान पर दावा राशि ब्याज सहित अदा करने का आदेश

### उपभोक्ता आयोग का फैसला

**दमोह।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, दमोह के अध्यक्ष श्रीमान ऋषभ कुमार सिंघई ने अनंत कुमार अग्रवाल बनाम शाखा प्रबंधक, दि ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, शाखा जबलपुर एवं अन्य प्रकरण में महत्वपूर्ण निर्णय दिनांक 29 सितम्बर 2025 को पारित किया है। आयोग ने परिवादी के अधिवक्ता श्री प्रवीण कुमार चतुर्वेदी द्वारा प्रस्तुत तर्कों एवं न्याय दृष्टांतों से सहमति जताते हुए आदेश दिया कि बीमा कंपनी परिवादी अनंत कुमार अग्रवाल को उसके व्यवसायिक प्रतिष्ठान मेसर्स अग्रवाल इंटरप्राइजेज में 22-23 जुलाई 2024 की रात्रि में मूसलाधार बारिश से हुए स्टॉक नुकसान के एवज में 1,25,000 की राशि एक माह के भीतर अदा करे। इसके अतिरिक्त आयोग ने बीमा कंपनी को निर्देश दिया कि उक्त राशि पर परिवाद प्रस्तुति दिनांक 22 जनवरी 2025 से अदायगी की तिथि तक 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी अदा किया जाए। साथ ही सेवा में कमी के मद में 20,000 एवं वाद व्यय के रूप में 3,000 की पृथक राशि भुगतान करने के आदेश दिए गए हैं। आयोग के इस आदेश को उपभोक्ता हितों की रक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण निर्णय माना जा रहा है।

## उपसंचालक ने किया तेंदूखेड़ा क्षेत्र का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करने एवं पशुपालकों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने हेतु संचालित दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के अंतर्गत मंगलवार को विकासखंड में उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग, दमोह, डॉ. बी. के. असाटी द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित ग्रामों में सक्रिय पशुपालकों के निवास पर पहुँचकर गृह भेंट कर सीधा संवाद स्थापित किया। भ्रमण के दौरान उपसंचालक ने ग्राम खमरिया कलां में राजकुमार यादव एवं कमलेश यादव, ग्राम पिंडरई पंजी में श्री रामसेवक गुर्जर एवं श्री भारत पाल, ग्राम बैलवाडा में दिलीप गोकुल यादव तथा ग्राम तेजगढ़ में श्रीमती ऊषा चेतराम के निवास पर जाकर उनकी पशुपालन संबंधी गतिविधियों का अवलोकन किया। गृह भेंट के दौरान डॉ. असाटी ने सभी पशुपालकों को नस्ल सुधार, वैज्ञानिक पशु पोषण, रोगों से रोकथाम, नियमित टीकाकरण, स्वच्छता एवं पशु शेड प्रबंधन आदि महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उन्नत नस्लों के प्रयोग से दुग्ध उत्पादन में कई गुना वृद्धि संभव है। साथ ही उन्होंने विभाग द्वारा चलाए जा रहे कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम, पशु औषधि वितरण, एवं टीकाकरण शिविरों की जानकारी भी पशुपालकों को दी। डॉ. असाटी ने पशुपालकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यदि वे वैज्ञानिक पद्धति से पशुपालन करें तो इससे उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। साथ ही उन्होंने डेयरी व्यवसाय को एक लाभकारी उद्यम के रूप में अपनाने हेतु युवाओं को प्रेरित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। इस भ्रमण के दौरान विकासखंड पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिकांत बिलवार भी उपस्थित रहे, जिन्होंने क्षेत्रीय पशुपालकों से विभागीय योजनाओं की जानकारी साझा की एवं उनके प्रश्नों का समाधान किया। डॉ हरिकांत विलवार ने बताया कि यह अभियान पशुपालकों को उन्नत जानकारी एवं संसाधनों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रभावी कदम है।

## हाउसिंग बोर्ड की लॉटरी प्रक्रिया स्थगित करने दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



नगर में चंडी जी मंदिर के पीछे मानपुरा रोड़ पर मध्यप्रदेश गृह निर्माण विभाग द्वारा कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है जिसके आवंटन लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से आगामी 10 अक्टूबर किए जाने हेतु विभाग द्वारा सूचना जारी की गई है जिससे स्थगित करने हेतु आवेदन कर्ताओं ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

जिसमें उल्लेख कर बताया गया कि नगर में चंडी जी के पीछे लगभग 294 आवासों का निर्माण कार्य मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड द्वारा कराया जा रहा है। परंतु वर्तमान स्थिति में निर्धारित गाइडलाइन एवं समय सीमा के अनुसार निर्माण कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है एवं कॉलोनी में कई कमियां वर्तमान में पाई जा रही हैं जिसमें सीवेज सिस्टम अधूरा एवं ठीक प्रकार से कार्यरत नहीं है, पार्क एवं सार्वजनिक स्थल का निर्माण नहीं हुआ है एवं मकानों में भराव (लेवलिंग) नहीं किया गया है. जिससे बरसात में पानी भरने की आशंका है, नल फिटिंग एवं जलापूर्ति व्यवस्था अपूर्ण है, सड़कें एवं ड्रेनेज लाइनें अधूरी हैं जिससे कॉलोनी में आवागमन कठिन है वहीं मकानों/ भवनों का आवंटन भी तय समय सीमा में उपभोक्ताओं को कराया जावे क्योंकि सभी उपभोक्ताओं द्वारा निर्धारित समय में निर्धारित किस्तों की राशि जमा की जा चुकी है। इन परिस्थितियों के बावजूद संबंधित एजेंसी (हाउसिंग बोर्ड) द्वारा आवास एलॉटमेंट एवं लॉटरी प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने का दबाव बनाया जा रहा है जबकि अनुबंध की शर्तों के अनुसार कार्य समय पर पूर्ण न होने पर पेनल्टी का प्रावधान भी है। ज्ञापन के माध्यम से लोगों ने मांग की है कि जब तक पूर्ण रूप से गाइडलाइन के अनुसार भावनाओं का निर्माण नहीं कराया जाता तब तक लॉटरी की तिथि आगे बढ़ाई जाए। ज्ञापन देने वाला में मुख्य रूप से पार्षद देवेंद्र राय लखन मोदी बुद्धन लाल तंतुवाय सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

## बैठक अनुपस्थित रहे शिशु रोग विशेषज्ञों को नोटिस जारी

**दमोह ।** जिला प्रशासन के द्वारा छिंदवाडा में हुई शिशुओं की मृत्यु की पुनावृत्ति दमोह जिले में रोकने हेतु महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी जिसकी सूचना संदर्भित पत्र के माध्यम से भेजी गई थी, किन्तु आप उस बैठक में अनुपस्थित रहे। जिससे जिला प्रशासन इस महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील कार्य में व्यापक जनहित को देखते हुये आपके अनुभव का लाभ लेने से बंचित रहा जो कि आपका समाज के प्रति असंवेदनशीलता को दर्शाता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दमोह ने कहा इस संबंध में सर्व समबंधितों से कहा आप अपना जबाब दो दिवस के भीतर सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक की टीप सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाये।

### इन चिकित्सों को जारी किए गए नोटिस

शिशु रोग विशेषज्ञों को कारण बताओ नोटिस में शिशु रोग विशेषज्ञ दमोह डाँ. जलज बजाज, शिशु रोग विशेषज्ञ दमोह डाँ. सुनील जैन, शिशु रोग विशेषज्ञ दमोह डाँ. सोनू शर्मा, हटा के डाँ. संजय त्रिवेदी, दमोह के डाँ. मुरली मनोहर श्रीवास्तव, डाँ. अनिकेत श्रीवास्तव, पाण्डे नर्सिंग होम स्टेडियम के सामने दमोह के डाँ. राजीव पाण्डे, दुआ क्लीनिक दमोह डाँ. तरूण दुआ को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

## अजमीढ़ देव जयंती पर निकाली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सर्व स्वर्णकार सोनी समाज के आदि पुरुष स्वर्ण कला के जनक भगवान श्री राम के परम मित्र महाराजा अजमीढ़ देव जी की जयंती स्वर्णकार जयंती के रूप में सर्व सोनी समाज द्वारा धूमधाम से बनाए गया। दमोह के बकोली चौराहे पर महाराज अजमीढ़ देव जी के पूजन के साथ एक भव्य शोभा यात्रा निकली गई जो कि शहर के मुख्य मार्ग से होकर निकली सबसे पहले यह शोभायात्रा बकौली चौराहे से शुरू होकर टॉकीज तिराहा पुराना थाना होते हुए सिटी नाल पहुंची महाकाली चौराहा बड़ा पुल होते हुए घंटाघर पर यात्रा का भव्य स्वागत हुआ वही इसके पहले पुराना थाना सिटी नल महाकाली चौराहा बड़ा पुल पर इस शोभायात्रा का स्वागत किया गया। वापस ये शोभायात्रा बकौली चौराहे पर पहुंची यहां भगवान अजमीढ़ देव जी की भव्य महा आरती का आयोजन किया गया। इसमें सरसों का सोनी समाज के सभी वरिष्ठ जनों ने आरती की, फिर बाहर से आए हुए अतिथियों का यहां से सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में सह भोज और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बड़ी संख्या में सर्व स्वर्णकार सोनी समाज के युवाओं की मौजूदगी रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने मे युवा स्वर्णकार समाज के वीरेंद्र सोनी, नीलश्याम सोनी, कैलाश सोनी, निहाल सोनी ध्रुव सोनी, सोनू सोनी, आकाश सोनी, अरुण सोनी, श्रीकांत सोनी, पटेरा से पुष्पेंद्र सोनी सहित बड़ी सख्या में संख्या में सोनी समाज के लोगों की मौजूदगी रही।

### धरने की अनुमति लेने एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार को सौपा ज्ञापन

## डीएपी, यूरिया खाद की मांग को लेकर किसान देंगे धरना

**जबेरा।** रबी सीजन की वोवनी को देखते हुए क्षेत्र के किसानों को डीएपी, यूरिया खाद सुलभता से उपलब्ध कराने की मांग को लेकर जबेरा क्षेत्र के किसान 03 नवंबर 2025 को कृषि उपज मंडी जबेरा के सामने धरना देंगे। जिसकी अनुमति लेने बुधवार को किसान नेता बसंत राय के नेतृत्व में जबेरा तहसील पहुंचकर एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा को ज्ञापन सोपा है। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है कि जबेरा विधानसभा क्षेत्र के समस्त किसान पिछले कई दिनों से सेवा सहकारी समितियों एवं डबल लाक केंद्रों पर डीएपी, यूरिया खाद की कमी के कारण अत्यंत परेशान हैं। खाद की अनुपलब्धता से खरीफ फसलें पहले ही प्रभावित हुई है और अब रबी फसले जैसे गेहूं मटर चना मसूर सरसों आदि की बुवाई पर संकट मंडरा रहा है। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है कि अगर 3 नवंबर 2025 तक क्षेत्र के किसानों को डीएपी, यूरिया खाद सुलभता के साथ उपलब्ध नहीं हो पाता है तो क्षेत्र के किसान 03 नवंबर से जबेरा कृषि उपज मंडी परिसर में शांतिपूर्ण तरीके से मांगे पूरी होने तक धरना देंगे। यह धरना कानूनी एवं अनुशासित तरीके से किया जाएगा जिसका उद्देश्य समस्याओं से शासन को अवगत कराकर निराकरण कराना है। इस दौरान किसान नेता बसंत राय ने बताया कि डीएपी, यूरिया खाद की कमी के चलते खरीफ फसलें प्रभावित हुई है और अब रबी फसलों की बुवाई का समय आ गया है जिसमें किसानों को खाद सुलभता के साथ उपलब्ध हो और यह व्यवस्था 03 नवंबर तक नहीं होती है तो क्षेत्र के समस्त किसान 03 नवंबर को जबेरा मंडी के सामने शांतिपूर्ण तरीके से मांगे पूरी होने तक धरना देंगे। जिसकी अनुमति लेने आज एसडीएम महोदय के नाम तहसीलदार महोदय को ज्ञापन सौपा है। इस अवसर पर पर बसंत राय, देवी प्रसाद शर्मा, डेलन सींग, रंजीत राय, रोहित लोधी, सुनील राय, शिवम राय, मुन्ना सींग सहित अनेकों किसान मौजूद रहे।



## पड़री नाला मोड़ पर बस और बाईक की टक्कर, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

नोहटा थाना क्षेत्र के कुसमी से दमोह जा रही एम के राय बस तेज रफ्तार होने के कारण पड़री नाला मोड़ पर सामने से आ रही मोटर साइकिल से टकरा गई इस हादसे में सलैया निवासी भूपेंद्र यादव और हेमराज यादव गंभीर रूप से घायल हो गए हैं मोटर साइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार यह मोड़ अत्यंत खतरनाक है मोड़ पर दोनों तरफ गहरी खाई है जिसे केवल औपचारिक रूप से पीडब्ल्यूडी द्वारा सुधारा गया है पुलिया के दोनों तरफ कटाव और घने पेड़ होने के कारण वाहन चालक को दूर से कुछ दिखाई नहीं देता है जबकि यह सड़क 6 माह पहले बनी थी मगर जगह-जगह गड्ढों से भरी है। हादसे के समय बस में स्कूल के बच्चे सवार थे जिन्होंने बताया कि ड्राइवर सरफराज खान हमेशा अत्यधिक तेज़ी से बस चलाते हैं आज भी बस बहुत स्पीड में थी और मोड़ पर हॉर्न नहीं बजाया गया गनीमत रही कि बस पलटते-पलटते बच गई यदि बस जरा सी आगे बढ़ती तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। जानकारी के अनुसार घायल हेमराज यादव की पत्नी हाल ही में रोड़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डिलीवरी कर अस्पताल में भर्ती थी उन्हें देखकर घर लौटते वक्त यह हादसा हुआ दोनों साले-बहनोई एक ही परिवार के हैं गंभीर रूप से घायल दोनों को दमोह जिला अस्पताल से जबलपुर मेडिकल रेफर किया गया है। हादसे के बाद जनपद पंचायत सदस्य पटेरा गोविंद तिवारी, भोलू यादव, सरपंच प्रतिनिधि बबलू यादव और अन्य ग्रामीणों ने एंबुलेंस को फोन लगाया लेकिन देर से आने पर प्राइवेट वाहन से घायलों को दमोह जिला चिकित्सालय ले जाया गया। स्थानीय लोगों ने कहा कि पुलिया के पास यह मोड़ हमेशा खतरनाक रहा है और मांग की है कि सड़क को सीधा किया जाए और दूसरी पुलिया बनाई जाए ताकि मोड़ खत्म हो सके और भविष्य में ऐसे हादसे टले जा सकें

## नवीन शिक्षक संवर्ग एवं गुरुजियो को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता ओर पुरानी पेंशन दी जाएं

**दमोह।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के महामंत्री श्री राकेश गुप्ता ने अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ अधिवेशन जयपुर दिनांक 05, 06, 07 अक्टूबर 2025 में राष्ट्रीय मंच पर प्रबलता से बात रखी। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के त्रिवर्षीय राष्ट्रीय अधिवेशन जयपुर में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ से 288 पदाधिकारियों ने सहभागिता की, जिसमें दमोह जिले से कुल 07 पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। मध्यप्रदेश में नवीन शिक्षक संवर्ग को वर्ष 2018 में शासन द्वारा गलत नीति के तहत 2018 के पूर्व की सेवा को शून्य करते हुए 01 अप्रैल 2018 से नियुक्ति तिथि की गणना कर दी गई, जिससे वर्ष 1998, 2003, 2006 से 2018 तक के नियुक्त शिक्षकों की वरिष्ठता शून्य करने से सेवानिवृत्ति होने पर न्यूनतम पेंशन 2000 रुपए से 4000 रुपए प्रतिमाह प्राप्त होने ही स्थिति निर्मित हो रही है, जिससे शिक्षकों की आजीविका का निर्वहन होना भी संभव नहीं हो पा रहा है। शिक्षकों एवं गुरुजियों को उनकी प्रथम नियुक्ति से वरिष्ठता दी जाए, पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाए, कैशलेश परिवार चिकित्सा कार्ड जारी किया जाए एवं शिक्षको को भी अन्य कर्मचारियों के समान नॉन वोकेशनल मानते हुए प्रतिवर्ष अर्जित अवकाश का लाभ सहित अन्य मांगों को प्रांतीय महामंत्री श्री राकेश गुप्ता जी मध्यप्रदेश शिक्षक संघ द्वारा राष्ट्रीय अधिवेशन मंच पर प्रखरता से रखा गया। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ नवीन शिक्षक संवर्ग व गुरुजियों के हितों पर हो रहे कुठाराघात से संघर्ष करने के लिए संकल्पित हुआ है। राष्ट्रीय अधिवेशन जयपुर में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला दमोह से पदाधिकारी ।शमिल हुये।

### कैट दमोह का भारत स्वाभिमान अभियान एवं शपथ आयोजित...

## कैट के आव्हान पर भारत सरकार ने कई योजनाएं बनाईः बीसी भरतिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



भारत में, मौसम और संस्कृति से हमारा संपूर्ण व्यापार जुड़ा हुआ है। लोकल अर्थव्यवस्था के लिए हमें और आपको लोकल में अधिक से अधिक खरीदी करना होगी, हम एक दूसरे के व्यापार के ग्राहक बने और साथी भी, उपरोक्त विचार बी सी भरतिया जी ने रखे। दमोह में आयोजित, कन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के भारत स्वाभिमान अभियान कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता, कार्यक्रम प्रभारी गोविन्ददास असाटी, सागर संभाग प्रभारी संजय अग्रवाल, प्रदेश मंत्री राकेश अग्रवाल, संभाग अध्यक्ष निकेश गुप्ता की उपस्थिति रही।

जिला अध्यक्ष प्रमोद बजाज ने स्वागत उद्बोधन में कैट की कार्यप्रणाली बताई तो उससे जुड़ने सभी से आवाहन किया। प्रदेश कार्य समिति बृजेंद्र राठौर ने मुख्य अतिथि का परिचय देते हुए बताया कि, श्री भरतिया जी ने चार्टर्ड एकाउंटेंट होते हुए, व्यापार और देश हित के कार्यो में योगदान दिया, वैट की रूपरेखा समिति के सदस्य के रूप में अपने सुझाव रखे। कैट दमोह इकाई और दमोह के लिए गौरव की बात थी, जो मुख्य अतिथि के तौर पर हमारे बीच राष्ट्रीय अध्यक्ष का दमोह आगमन हुआ। इसी अवसर पर महिला विंग अध्यक्ष डॉ सोनल राय एवं युवा विंग अध्यक्ष कपिल मदान ने अपनी जिम्मेवारियां स्वीकारी। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती और भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ श्री भरतीया जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कैट सभी छोटे और मझौले प्रकार के ट्रेडर्स व्यापारियों के संवर्धन, उनका विकास और परंपरागत व्यवसाय को कैसे परिवार के बीच रहते बढ़ाए। 1990 से अस्तित्व में आए इस संगठन का विस्तार संपूर्ण भारत वर्ष में है, कैट के आव्हान पर भारत सरकार ने विभिन्न प्रकार के योजना अंतर्गत केंद्र सरकार की गारंटी पर ऋण सुविधा चालू की, चाहे वह मुद्रा योजना हो या अन्य, भरतीया जी ने कहा कि बारिश का मौसम समापन से त्योहार फिर शादी के दौर शुरू होता हैं जो प्रत्येक वर्ग, प्रत्येक व्यापारी के लिए लाभकारी है। अब समय है जब आपको अपने व्यापार को बड़ी अंतर्राष्ट्रीय कंपनी से बचने और अपना नाम बचाए रहकर व्यापार बढ़ाने का। अपने परिवार के अन्य लोगों को जोड़कर या बैक ऑफिस जैसे टैक्स, इंश्योरेंस, फाइलिंग, आयकर, और अन्य कागजी कार्यवाही, चाहे वह लेने का हो या देने का साझा करें, घर में इससे अच्छा वातावरण बनेगा साथ ही किसी अप्रत्याशित परिस्थित में व्यापार से नुकसान से बचेंगे। साथ ही उन्होंने कहा वसीयत प्रक्रिया एक सुरक्षा का भाव घर के सभी सदस्यों में लाता है। अतः यह हमको करना चाहिए जो समय समय पर बदलाव भी आप कर सकते है वसीयत वर्तमान समय का अंतिम ड्राफ्ट हैं। भविष्य में आप पुनः संशोधित कर सकेंगे। कार्यक्रम में मनोज आहूजा ने संगठन को सुदृण करने में अपनी भूमिका निभाई। इस अवसर पर हेमंत मलैया, सुधीर असाटी नरेंद्र बजाज, सुधीर सिंघई, कैप्टन वाधवा, किशनलाल हूरा के साथ ही सभी क्षेत्र के व्यापारियों की उपस्थिति रही। महामंत्री जुगल अग्रवाल ने संचालन और प्रांजल बजाज ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।


**न्यायालय तहसीलदार तहसील हटा जिला दमोह म.प्र.**

रा.प्र. क्रमांक 002/31-20(5)/ 2025-26 — हटा, दिनांक 08.09.2025

**सार्वजनिक विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा ग्राम हटाखास की आम जनता को सूचित किया जाता है, कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद हटा ने पत्र क्रमांक / राजस्व / न.पा. / 2025 / 870 दिनांक 07.08.2025 में लेख किया गया है, कि खसरा नंबर 78 ( एस ) 78, 79, 80 रकबा' 1.6840 हे. चंडीजी वार्ड हटा सार्वजनिक दशहरा मैदान प्रस्तावित किया है। जिसके लिए भूमि आवंटन हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र क्रमांक 0811280304032 - APP 25758106 कलेक्टर महोदय दमोह के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो अनुविभागीय अधिकारी महोदय हटा के माध्यम से समस्त कार्यवाहियां पूर्ण कर जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। अत: उक्त आवेदित भूमि आवंटित किए जाने के संबंध में किसी संस्था अथवा किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह प्रकाशन तारीख से पन्द्रह दिवस के अंदर इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है, बाद म्याद पेशी गुजर जाने पर किसी आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा । आज दिनांक 08.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील हटा, जिला दमोह (म.प्र.)